सार-समाचार

प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

झुंझुनूं, (निसं)। राजकीय एनएमटी गर्ल्स कॉलेज तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित सड़क मार्ग (सुसमा) अभियान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में जिला समन्वयक के रूप में सार्वजनिक निर्माण विभाग की एक्सईएन केशर जाटव तथा मुख्य वक्ता के रूप में एईएन रविता पूनियां तथा मितिक्षा वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं में बनाए गए सड़क की क्वालिटी तथा सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रामकुमार सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुनिता कुमारी तथा कल्पना ने उपस्थित सभी वक्ताओं का स्वागत किया तथा महाविद्यालय की छात्राओं से सुरक्षित सड़क मार्ग की अभियान के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हेलमेट तथा अन्य अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. शशि प्रकाश ने भी राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को विभिन्न गतिविधियों में बढ़चढ़ कर के भाग लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विभिन्न संकाय सदस्य डॉ. नाथूलाल, रोहिताश्वकुमार, डॉ. पूनमचंद, शौर्य बुरी, डॉ. रघुराज सिंगोदिया, डॉ. प्रीतम सिंह उपस्थित रहे।

पौधारोपण किया

झुंझुनूं, (निसं)। ढाका की ढाणी तन लादूसर की मुक्ति धाम में एक पौधा मां के नाम के तहत लादूसर सरपंच बलबीरसिंह के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सरपंच ने पौधारोपण पर जोर देते हुए बताया कि पौधारोपण दिवस जुलाई के पहले सप्ताह में मनाया मनाया जाता है। मानसून में पौधारोपण का विशेष महत्व है। वृक्ष शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ पर्यावरण को संतुलित रखते है। इस दौरान कप्तान अनिल ढाका ने बताया कि पौधारोपण से भूमिगत जलस्तर बढ़ता है और मिट्टी का कटाव रूकता है। वन्य जीवों को आश्रय मिलता है। जैव विविधता बढाती है तथा मानसून में पौधों को पानी की अधिक आवश्यकता भी नहीं होती। पौधारोपण कार्यक्रम में महिपाल ढाका, सुनिल ढाका, रामसिंह ढाका, संतोष स्वामी, सूबेदार रणवीरसिंह दत्तूसलिया, उज्जवल ढाका, तारामणी ढाका, मनोहरी राहड़, मोहरसिंह राहड़, राजवीर स्वामी आदि ने अपनी भागीदारी तथा आगे उनके सार संभाल की जिम्मेदारी ली।

रोटरी क्लब का शपथ समारोह आज

सीकर (निसं)। रोटरी क्लब, सीकर आ. आई. डिस्ट्रिक्ट 3056 के वर्ष 2025-26 की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह शनिवार, 5 जुलाई, 2025 को रात्रि 7 बजे आयोजित किया जा रहा है। अध्यक्ष रो. धीरज कँवर ने जानकारी देते हुए बताया कि शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि निर्वाचित प्रान्तपाल रो. अरूण बगड़िया रहेंगे, पूर्व प्रान्तपाल रो. बलवंत सिंह चिराना भी उपस्थित रहेंगे और विशिष्ट अतिथि सह-प्रान्तपाल जोन-15 रो. डॉ. दिव्या कचौलिया होंगी। उक्त समारोह में क्लब के सभी सदस्य परिवार सहित उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही रींगस एवं श्रीमाधोपुर के रोटर क्लब के सदस्य भी इस समारोह में उपस्थित रहेंगे। समारोह में वर्ष 2025-26 क्लब के लिए निर्वाचित हुए अध्यक्ष रो. धीरज कँवर व सचिव रो. गौरव सोमानी तथा उनकी टीम का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन रात्रि 7 बजे श्री गोविन्दम हॉल, नेहरू पार्क के सामने, सालासर रोड सीकर में आयोजित किया जायेगा।

महिला समाधान समिति की बैठक

झुंझुनूं, (निसं)। जिला स्तरीय महिला समाधान समिति एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की समीक्षा बैठक जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में जिला कलेक्टर ने विभिन्न मुद्दों पर प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने इस दौरान विभाग द्वारा बेटी जन्मोत्सव पर दिए जाने वाले बधाई संदेश पत्र का भी विमोचन किया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक विप्लव न्यौला ने बताया कि बैठक में महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के संचालन, सखी वन स्टॉप सेंटर की प्रगति, पीसीपीएनडीटी एक्ट की प्रगति, पन्नाध्याय सम्मान एवं सुरक्षा केंद्र की प्रगति, बाल विवाह निषेध एवं महिला नीति आदि पर समीक्षा की गई। बैठक में एडीएम अजय कुमार आर्य, अतिरिक्त कोषाधिकारी प्रेरणा कालेर, पीआरओ हिमांशु सिंह, सीडीपीओ मंजूलता मील समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

तुलसी लगे गमलों का वितरण किया

झुंझुनूं, (निसं)। एम बाजार झुंझुनूं की प्रेरणा से लॉयंस क्लब झुंझुनूं एवं श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी लगे गमलों का वितरण श्रीमती गिन्नी देवी राधा वल्लभ जी खेतान ट्रस्ट के सौजन्य से स्टेशन रोड स्थित रामेश्वरम कॉम्प्लेक्स एवं आसपास की एरिया में पूर्व पार्षद सुमन नेमी अग्रवाल के सानिध्य में किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान ने बताया कि इस अवसर पर तुलसी लगे गमलों के वितरण कार्यक्रम में सुमन नेमी अग्रवाल, प्रीति विशाल अग्रवाल, माया बावलिया, कांता अग्रवाल, प्रिया छावसरिया, अनुपम शर्मा, सीमा पंसारी, सुशीला टीबड़ा, दीक्षा महमिया, सरिता व्यास, संतोष गोयनका, ज्योति, सुनिता एवं सोनू सहित अन्य महिलाएं उपस्थित थी। विदित है कि तुलसी लगे गमलों का पिछले कई वर्षों से लगातार वितरण किया जा रहा है एवं शहर की चुनिन्दा विभिन्न एरिया एवं विभिन्न कॉम्प्लेक्सों में वितरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त जिन्हें भी तुलसी लगे गमला लगा लेना हो चूणा चौक रानी सती रोड स्थित आशीर्वाद पैलेस पर आकर ले सकता है।

अंत्योदय पखवाड़ा के तहत लाभान्वित

रतनगढ़ (निसं)। रतनगढ़ तहसील के ग्राम पंचायत कांगड में राज्य सरकार की ओर से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा शिविर के तहत गांववासियों की परिवेदना सुनकर अधिकारियों ने मौके पर ही निस्तारण किया। सरपंच लक्ष्मण राम सारण की अध्यक्षता में लगे शिविर में तहसीलदार सज्जन लाटा, एडीओ लक्ष्मीनारायण सैनी ने बताया कि शिविर में 10 पट्टो का वितरण किया 8 विरासत नामांतरण सहित अन्य कार्य किए गए ग्राम विकास अधिकारी विमल बिश्नोई ने बताया कि शमशान भूमि में पौधारोपण किया गया एवं ग्रामवासियों को पौधे वितरित भी किए गए, ग्रामीणों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखने का आव्हान किया। शिविर में मौजूद पटवारी राकेश कृषि पर्यवेक्षक कांता, पीईईओ अविनाश कुमार पशु चिकित्सक डॉ सुनील कुमार, कनिष्ठ सहायक दशरथ सिंह मौजूद थे।

समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया

रतनगढ़ (निसं)। ग्राम पंचायत बिनादेसर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल पखवाड़ा तहत शिविर आयोजित। सरपंच कमला देवी की अध्यक्षता में लगे शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा 10 परिवारों के पक्के मकान का पट्टा वितरण किया एवं ग्राम पंचायत के सत्यापित पेंशनर्स का पेंशन सत्यापित संबंधित कार्य किया। अन्य सभी विभागों के कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे जिन्होंने ग्रामवासियों की परिवेदना सुनकर उनका मौके पर ही निस्तारण किया। ग्राम विकास अधिकारी शर्मा ने बताया कि हरियालो राजस्थान के तहत वृक्षारोपण किया गया व गांववासियों को अधिकाधिक पेड़ पौधे लगाने और उनकी नियमित देखरेख करने का आ ान किया गया। शिविर में राजलदेसर तहसीलदार जितेंद्रसिंह, नायब तहसीलदार पूजा पारीक, शिविर प्रभारी दिलीप सोनी,ग्राम विकास अधिकारी रोहित शर्मा व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जिला कलेक्टर का स्वागत किया

झुंझुनूं, (निसं)। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के द्वारा संघ के प्रदेशाध्यक्ष शिवकरण जानूं गीतांजलि ज्वैलर्स की अगुवाई में नवांगतुक जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग का स्वागत किया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बलबीर भैड़ा महारानी ज्वैलर्स, कोषाध्यक्ष मुकेश जांगिड़ श्री नवरंग ज्वैलर्स, उपाध्यक्ष सुभाष सोनी पीएस ज्वैलर्स द्वारा साफा व माला पहनाकर डॉ. गर्ग का स्वागत किया गया। जानूं ने इस मौके पर जिले में सर्राफा व्यापार और कारोबार से जुड़े लोगों की बातें रखी। इस मौके पर एडवोकेट बलवंत सैनी भी मौजूद थे।

शिविर में 240 लोग लाभान्वित

झुंझुनूं, (निसं)। महावीर इंटरनेशनल सनराइज एवं आशुतोष होम्योपैथिक औषधालय छावनी बाजार के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय केदारमल हलवाई की स्मृति में उनके परिवार द्वारा हर शुक्रवार को आयोजित होने वाला निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर अग्रवाल कटला झुंझुनूं में संपन्न हुआ। शिविर में 240 रोगियों की जांच कर निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध करवाई गई।

ग्रामीण जन शिविरों में योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें : संभागीय आयुक्त

राजलदेसर कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया।

राजलदेसर (निसं)। राजलदेसर कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत भावनदेसर में पंडित दीनदयाल अंत्योदय संबल पखवाड़े के तहत सभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने शिविर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों से शिविर संबंधित जानकारी ली साथ ही ग्रामीणों को कहा कि इन शिविरों में आकर केंद्र एवं राज्य सरकार की योजना जो चलाई जा रही है उन्हें योजना का आम जन को अधिक से अधिक लाभ कैसे मिले इसके लिए शिविरों में आकर उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों से जानकारी लेकर अपनी समस्या उनके सामने रखें। साथ ही उन्होंने कहा सरकार की योजना अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को लाभ कैसे मिले इस उद्देश्य से शिविर आयोजित किया जा रहे हैं इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से एवं ग्रामीणों से कहा कि बारिश के समय अधिक से अधिक पेड़ लगाए एवं उनका लालन पोषण बच्चों की तरह करें।

इस अवसर पर उन्होंने बरसाती पानी का अधिक से अधिक संग्रहण करने के लिए खेतों में अधिक से अधिक कुण्ड का निर्माण करें।

इस अवसर पर सभागीय आयुक्त विश्राम मीणा, तहसीलदार जितेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार पूजा पारीक सरपंच भागीरथ के द्वारा ग्रामीणजन को पट्टे वितरित किए गए व वृक्षारोपण भी किया गया। इस मौके पर अन्य विभागों के कर्मचारी व अधिकारी गण उपस्थित रहे तथा आमजन की समस्या सुनी। इस मौके पर विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद व्यास, ग्राम विकास अधिकारी हरलाल ढाका भी उपस्थित रहे।

श्री कान्हा रसगुल्ला फैक्ट्री का शुभारंभ

चूरू (निसं)। निकटवर्ती ग्राम गाजसर में शुक्रवार को श्री कान्हा रसगुल्ला फैक्ट्री का शुभारंभ सालासर बालाजी मंदिर के जे.पी. पुजारी व समाजसेवी इंद्रचंद जमालपुरिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर फैक्ट्री का विधिवत शुभारंभ करवाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जे.पी. पुजारी ने कहा कि हमेशा गुणवत्ता व व्यवहार ही उस प्रतिष्ठान की पहचान बनाता है। उन्होंने कहा कि ग्राहक को भगवान मानकर सच्चे मन से उसकी सेवा करनी चाहिए। इस दौरान पुजारी ने सालासर बालाजी की प्रतिमा के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ फैक्ट्री का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर गाजसर सरपंच सुरेंद्र प्रजापत, देवकिशन सैनी, सत्यनारायण भाटी, परमेष्वर सैनी, सुरेंद्र कटारिया, पूर्व पार्षद महेंद्र सैनी, मनीष सैनी, एडवोकेट अभिषेक कुमार, रोशन खान, साजिद, आमीन खान, संदीप गहलोत, सोहनलाल शर्मा, चन्द्रमोहन तंवर, सुशील कुमार, जुगल किशोर, ताराचंद, कैलाश, परमेष्वर लाल सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

स्काउट जिला मूल्यांकन एवं जिला कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न

झुंझुनूं, (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यालय झुंझुनूं के तत्वावधान में जिला कार्यकारिणी एवं जिला मूल्यांकन समिति बैठक का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक राजेश मील की अध्यक्षता एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अलसीसर राजेंद्र कुमार खीचड़ के मुख्य आतिथ्य तथा जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा संतोष सोहू एवं मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चिड़ावा उमादत्त झाझड़िया के विशिष्ट आतिथ्य में स्काउट गाइड कार्यालय में संपन्न हुई।

जिला सचिव एवं सीओ स्काउट महेश कालावत ने बताया कि इस बैठक में स्काउट गाइड की सत्र 2024-25 की उपलब्धियां की समीक्षा तथा सत्र 2024-25 के आय व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया एवं सत्र 2025-26 का प्रस्तावित बजट कार्यकारिणी द्वारा अनुमोदित किया गया। इस दौरान स्थानीय संघवार जिले की उपलब्धियां की समीक्षा पर गहन चिंतन मनन किया गया एवं संबंधित प्रयासों से राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड की गतिविधियों को जिले में उत्कृष्ट स्तर की करने के लिए कार्य योजना तैयार की गई।

इस अवसर पर सीओ गाइड सुभिता महला ने स्काउट गाइड गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा लीडर ट्रेनर एवं जिला कमिश्नर वयस्क संसाधन प्रहलादराय जांगिड़ ने चालू सत्र के स्थानीय संघ वार लक्ष्यों का निर्धारण सदन के सम्मुख रखा। लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया ने भारत सरकार की नेशनल ग्रीन कोर योजना पर प्रकाश डालते हुए बरसात में अधिक से अधिक पौधारोपण की बात कही तो अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अलसीसर एवं प्रभारी कमिश्नर (गाइड) सुनिता यादव ने आय व्यय प्रस्तुत किया। जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित किया। जिला प्रशिक्षण आयुक्त चिरंजीलाल शर्मा ने वर्ष भर का प्रस्तावित कार्यक्रम सदन के सम्मुख रखा जिसे अनुमोदित किया गया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा संतोष सोहू ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधियों को प्रत्येक विद्यालय में संचालित करने के लिए सभी को समन्वित प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा राजेश मील ने कहा कि स्काउट गाइड गतिविधियां संख्यात्मकता के साथ-साथ गुणात्मकता से परिपूर्ण होनी चाहिए। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अलसीसर राजेंद्र खीचड़ ने राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर झुंझुनूं जिले के सहभागिता की प्रशंसा करते हुए कहा कि गतिविधियों का प्रभावी संचालन एवं क्रियान्वन किया जाना चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्या संजू नेहरा, ज्योति विद्यापीठ के निदेशक चिरंजीलाल सैनी, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुनिता यादव, प्रधानाचार्य जेके मोदी सुनिता कृष्णियां, डॉ. राजबाला ढाका एवं वित्त समिति सदस्य प्रधानाचार्य महावीर प्रसाद मीणा ने भी अपने विचार रखें। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी चिड़ावा उमादत्त झाझड़िया ने कहा कि स्काउट गाइड के माध्यम से बालक बालिकाओं में संस्कारों का बीजारोपण होता है। इसलिए छात्र-छात्राओं को इन गतिविधियों से जोड़ना चाहिए।

मोहर्रम पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

■ कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के समग्र प्रभारी नियुक्त किये

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 5 जुलाई 2025 को कत्ल की रात एवं 6 जुलाई 2025 को दिन में मोहर्रम (ताजिये) के अवसर पर कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये हैं।

आदेशानुसार निखिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट सीकर को सुभाष चौक, नानी गेट, सालासर स्टैण्ड एवं मौहल्ला हुसैनगंज एवं इसके आसपास का क्षेत्र एवं अपने सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र में, भीमरोन सैनी तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट सीकर को मौहल्ला बिसायतीयान, मौहल्ला कुरेशियान, जाट बाजार तबेला रोड़, मौहल्ला धोबियान, मौहल्ला दराब का, बावडी गेट, मौहल्ला रिंगसियान, मिरासी गौहल्ला बांडियाबास, नानी गेट तक एवं इसके आसपास का क्षेत्र, रामनिवास सिंह नायब तहसीलदार पलसाना को जाटिया बाजार से ताजिया समापन स्थल तक का सम्पूर्ण क्षेत्र, जगदीश गोड सचिव यू.आई.टी सीकर को मोचीवाड़ा, मौहल्ला रोशनगंज, ईदगाह चौराहा, मौहल्ला जमींदारान, मौहल्ला पठान, मौहल्ला पीनारान तहसील के पीछे, राहुल कुमार मल्होत्रा उपखण्ड मजिस्ट्रेट धोद को सम्पूर्ण धोद उपखण्ड क्षेत्र में, दमयंती कंवर उप खण्ड मजिस्ट्रेट फतेहपुर को सम्पूर्ण फतेहपुर उपखण्ड क्षेत्र में, भारती फूलफकर उप खण्ड मजिस्ट्रेट रामगढ़ शेखावाटी को सम्पूर्ण रामगढ़ शेखावाटी, अनिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर को सम्पूर्ण श्रीमाधोपुर उपखण्ड क्षेत्र, अर्चना बुगालिया उप खण्ड मजिस्ट्रेट खण्डेला को सम्पूर्ण खण्डेला उपखण्ड क्षेत्र, बृजेश कुमार उप खण्ड मजिस्ट्रेट रींगस को सम्पूर्ण रींगस उपखण्ड क्षेत्र, राजवीर यादव उप खण्ड मजिस्ट्रेट नीमकाथाना को सम्पूर्ण नीमकाथाना उपखण्ड क्षेत्र, सुभाष कुमार तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पाटन को पाटन तहसील क्षेत्र, मोनिका सामोर उप खण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सम्पूर्ण दांतारामगढ उपखण्ड क्षेत्र, मोहर सिंह मीणा उप खण्ड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ़ को सम्पूर्ण लक्ष्मणगढ उपखण्ड क्षेत्र, नारायण राम दैया तहसीलदार धोद को सम्पूर्ण नेछवा उपखण्ड क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के समग्र प्रभारी नियुक्त किये गये है। उन्होंने बताया कि उपपंजीयक सीकर, एसीएम द्वितीय सीकर को आरक्षित मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नियुक्त सभी मजिस्ट्रेट पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाए रखते हुए अपने-अपने नियुक्ति क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के निमित समस्त समुचित प्रबन्ध करते हुए प्रत्येक घटनाक्रम से जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को निरन्तर सूचित रखेंगे।

श्री सहस्त्र चंडी महायज्ञ पाठ का आयोजन

तारानगर (निसं)। तारानगर के आशापुरा हनुमान मंदिर मोटना जोहड में क्षेत्र के प्रसिद्ध पंडित ज्योतिषाचार्य साहित्यआचार्य पंडित गोपाल शास्त्री के आचार्यत्व में पूजन कार्य एवं यज्ञ विद्वान पंडितो द्वारा किया जा रहा है। सहस्त्र चंडी महायज्ञ में श्री दुर्गा सप्तशती के एक हजार पाठ एवं प्रतिदिन यज्ञ 2 जुलाई से 10 जुलाई तक सौ पंडितों द्वारा किया जाएगा। जिसमें पं.श्रवण शास्त्री, पं.गौतम शास्त्री, पं.ताराचंद दाधीच, पं.काशीराम पारीक, पं.राजेश शास्त्री, पं.सुनील शास्त्री, पं.हरिकिशन, पं.गुट्टीराम, पं.गजानंद, पं.सुनील रामगढ़, पं.संजय महर्षि, पं.सीताराम दाधीच, पं.विजय कुमार, पं.मोतीलाल, पं.ऋषिराज, पं.गौरीशंकर, पं.रमाकांत, पं.मुरारी, पं.मनीष, पं.मुकेश जोड़ी आदि प्रतिदिन श्री दुर्गा सप्तशती पाठ एवं हवन पूजन कर रहे हैं यजमान मुकेश कुमार ने धर्मपत्नी सहित पूजन एवं यज्ञ करवाया ज्योतिषाआचार्य पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि इस यज्ञ से वातावरण की शुद्धि विश्व में शांति सौहार्द एवं पुष्टि होगी।

जल शक्ति अभियान के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जल शक्ति अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

सीकर (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को जल शक्ति अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के संयुक्त शासन सचिव डी. साईबाबा, केन्द्रीय भूजल बोर्ड के सहायक भूजल वैज्ञानिक इरफान अली सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में जिले में जल संरक्षण से संबंधित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

संयुक्त शासन सचिव डी. साईबाबा ने जल शक्ति अभियान, वाटर रिचार्ज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर, वाटर कंजर्वेशन, ट्रीटेड वेस्ट वाटर के पुनः उपयोग, वाटर सप्लाई की मॉनिटरिंग, वन विभाग के कैंपा फंड के तहत जल संरक्षण कार्यों, सभी ब्लॉकों के भूमिगत जलस्तर, मनरेगा के तहत जल संरक्षण कार्यों, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान, पीजो मीटर की स्थिति, कैच द रैन अभियान, वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान एवं कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान की प्रगति की गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक प्रगति हासिल करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जल शक्ति अभियान के तहत सभी विभागों को आपसी समन्वय और समयबद्ध कार्यप्रणाली के साथ काम करना होगा ताकि जिले में जल संकट की चुनौती से प्रभावी रूप से निपटा जा सके।

बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव, वाटरशेड विभाग के अधीक्षण अभियंता रमेश मीणा, डीएफओ गुलजारीलाल जाट, कृषि विभाग की संयुक्त निदेशक प्रिया झाझड़िया सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

कृषि आदान विक्रेताओं के डिप्लोमा का छठा बैच शुरू

झुंझुनूं, (निसं)। आत्मा कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में कृषि आदान विक्रेताओं के लिए डिप्लोमा का छठे बैच का शुभारंभ किया गया है। उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) झुंझुनूं शीशराम जाखड़ ने बताया कि प्रशिक्षण में 40 प्रशिक्षणार्थी 48 सप्ताह का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। जिसमें प्रशिक्षणार्थियों को बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक के बारे में संपूर्ण जानकारी दी जाएगी। जिले में बीज, उर्वरक व कीटनाशक आदानों का विक्रय करने वाले उन कृषि आदान विक्रेताओं के लिए है। जिनके पास सरकार द्वारा निर्धारित योग्यता नहीं है तथा उनको कृषि तकनीकी, कृषि योजनाओं की जानकारी एवं कृषि आदानों के व्यापार संबंधी कानूनों की जानकारी का अभाव है। इसीलिए इनके संबंध में जानकारी देने के लिए यह पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है। यह पाठ्यक्रम 48 सप्ताह तक चलाया जाएगा तथा सप्ताह में एक दिन कृषि विभाग के विशेषज्ञों द्वारा जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण पूर्ण हो जाने पर आदान विक्रेताओं को डिप्लोमा प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। जिससे वे अपना कारोबार सुचारू रूप से संचालित कर सकेंगे। प्रशिक्षण का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रसीद खान इंचार्ज कृषि विज्ञान केंद्र आबूसर द्वारा किया गया। उद्घाटन के अवसर पर समन्वयक देशी कोर्स शीशराम जाखड़ उप निदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा झुंझुनूं, डॉ. सहदेवसिंह चीफ फेसिलिटेटर देशी कोर्स, सविता सहायक निदेशक कृषि विस्तार झुंझुनूं, रोहिताश्वकुमार ढाका सहायक निदेशक कृषि विस्तार नवलगढ़ व सुभाषचंद्र सीगड़ कृषि अधिकारी नवलगढ़ द्वारा आदान विक्रेताओं को बीज उर्वरक एवं कीटनाशी नियम, अधिनियम व विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विजय ढाका, संत कुमार, तपेश कुमार आदि उपस्थित थे।

महाविद्यालय में टॉपर्स का सम्मान किया

झुंझुनूं, (निसं)। स्थानीय गणपति नगर स्थित न्यू राजस्थान बालिका पीजी महाविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर द्वारा घोषित स्नातकोत्तर उत्तरार्द्ध के परीक्षा परिणाम 2025 में जन्तु विज्ञान विषय में सपना शर्मा ने 78.75 प्रतिशत, भूगोल विषय में सुप्रिया ने 78.30 प्रतिशत, रसायन विज्ञान में रश्मि कंवर सोलंकी ने 78.15 प्रतिशत, वनस्पति विज्ञान विषय में निशा जांगिड ने 76.44 प्रतिशत एवं गणित विषय में रींकू कुमारी ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त प्रथम स्थान पर रही एवं द्वितीय स्थान सोनू कुमारी मूंड, नेहा गढवाल, सुरभि कंवर, ज्योत्स्ना कुमारी व निकिता ने प्राप्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्यारेलाल ढूकिया ने टॉपर्स छात्राओं को बधाई दी एवं साथ ही भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट परिणाम देकर अपना और अपने परिवार एवं महाविद्यालय व देश का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। संस्था संरक्षिका विनोद ढूकिया ने टॉपर्स छात्राओं का तिलकार्चन व माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था सचिव इंजी. पीयूष ढूकिया ने बताया कि सभी छात्राओं ने अच्छे अंक प्राप्त किये हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सुमन जानूं ने कहा कि यूजी कक्षाओं के प्रवेश प्रारंभ हो चुके है।

बोलेरो ने कार को टक्कर मारी, चार घायल

चूरू, (निसं)। रतनगढ़ के निकट बोलेरो के एक शराबी चालक ने गलत दिशा में चलकर एक कार को टक्कर मार दी, इससे कार में सवार दो महिलाओं सहित चार जने गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों जने अपने रिश्तेदार की शोक सभा से वापस घर जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार पिछले दिवस आर जे 18 यू ए 1953 के चालक ने अपने वाहन को लापरवाही से चलाकर सामने से आ रही एक कार को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद बोलेरो का शराबी चालक और उसका साथी अपने वाहन को छोड़कर भाग गया। दुर्घटना में कार सवार दंपती श्रवण सिंह राठौड़ और मंजू कंवर, मुकेश सिंह और उनकी भाभी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एक फॉर्च्यूनर गाड़ी के चालक ने अपने वाहन से रतनगढ़ के अस्पताल में पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनको सीकर रेफर कर दिया गया। श्रवण सिंह और मंजू कंवर को आज सीकर के टीबड़ा अस्पताल से गंभीर हालत में जोधपुर रैफर कर दिया गया। मुकेश सिंह और उनकी भाभी का सीकर में उपचार चल रहा है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर लिया है।

विभागीय आदेशों की होली जलाई

झुंझुनूं, (निसं)। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक कार्यालय के सामने मंत्रालयिक कर्मचारियों ने शिक्षा (ग्रुप-1) ने विभाग के कार्यालयों में पदस्थापित प्रधानाचार्य समकक्ष अधिकारियों व संस्थापन अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों के दायित्वों के निर्वहन के संबंध में तत्कालीन निदेशक सौरभ स्वामी द्वारा एक जून 2020 को जारी आदेश को अपास्त करवाने के लिए निदेशक को पत्र लिखा है।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./म्/2025/882 दिनांक: 04/07/2025

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री भागीरथ जाति जाट निवासी वार्ड नं.18 रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने खरीदशुदा भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 12'×60' यानि 720 वर्गफुट(दक्षिणी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्रीमती कमला देवी पत्नि श्री शिवकुमार जोशी के नाम से साईज 226.78 वर्गगज का जारीशुदा है। श्रीमती कमला देवी ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 18.03.2010 द्वारा श्रीमती परमजीत कौर पत्नि श्री प्रकाश सिंह को बैचान कर दिया। श्रीमती परमजीत कौर ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 05.02.2025 द्वारा उक्त भूखण्ड में से साईज 12'×60' यानि 720 वर्गफुट(दक्षिणी हिस्सा) श्री रघुवीर सिंह पुत्र श्री भागीरथ को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)

क्रमांक -न.पा.रा./म्/2025/ दिनांक: 03/07/2025

आपति आमत्रंण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री रामकिशन पुत्र श्री हरिराम जाति ब्राह्मण निवासी रावतसर तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ़ ने वसीयत से प्राप्त भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 169.22 वर्गगज का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री हरिराम पुत्र श्री आशाराम शर्मा के नाम से साईज 169.21 वर्गगज का जारीशुदा है। श्री हरिराम की मृत्यु दिनांक 17.09.2023 को हो चुकी है जिसने अपने जीवनकाल में ही जरिये पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 14.12.2010 द्वारा उक्त भूखण्ड अपने पुत्र श्री रामकिशन को दान कर दिया। जिसका प्रार्थी अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकॉर्ड में दर्ज करवाना चाहता है। अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपत्ति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ती पर कोई विचार नही किया जावेगा।

रजनीश चौधरी
अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रावतसर

चूरू जिला अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि.
प्रधान कार्यालय :- सादुलपुर (चूरू)

क्रमांक नं. : आमसभा/2025/ दिनांक -01.07.2025

38वीं वार्षिक आम-सभा की सूचना
(समस्त अंशधारकों के लिए)

बैंक के समस्त माननीय अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि बैंक की 38वीं वार्षिक आमसभा संचालक मण्डल के निर्णय के अनुसार दिनांक 02 अगस्त, 2025 शनिवार को प्रातः 11:00 बजे मित्तल सामुदायिक भवन, सादुलपुर में आयोजित होगी, जिसकी सदस्यों को वैधानिक सूचना है।

आम-सभा में विचारणीय विषयों का एजेण्डा निम्नानुसार है :-

1. गत 37वीं आमसभा दिनांक 02 अगस्त 2024 की कार्यवाही के निर्णयों की पुष्टि पर विचार।
2. संचालक मण्डल की ओर से अध्यक्ष महोदय द्वारा वार्षिक-प्रतिवेदन का प्रस्तुतिकरण एवं अनुमोदन।
3. संचालक-मण्डल द्वारा स्वीकृत बजट वर्ष 2025-26 का अनुमोदन एवं वर्ष 2024-25 के वास्तविक व्ययों की पुष्टि।
4. वर्ष 2024-25 के अंकेक्षित तुलन-पत्र, लाभ-हानि खाता, एवं अंकेक्षण-रिपोर्ट के 'अ' भाग के उपसंहार में अंकित आक्षेपों की पूर्ति रिपोर्ट पर विचार एवं अनुमोदन।
5. भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र दिनांक 06 अगस्त 2024 की पालना में सांविधिक अंकेक्षक की नियुक्ति करने सम्बन्धी प्रस्ताव का अनुमोदन।
6. वर्ष 2024-25 संचालक-मण्डल द्वारा स्वीकृत, कर्मचारियों एवं अधिकारियों को किये गये बोनस/एक्सग्रेसिया/वेतन इत्यादि के भुगतान का अनुमोदन।
7. गत वर्षो के शुद्ध लाभों के विनियोजन पर विचार।
8. शाखा विस्तार की अनुमति।
9. संचालक मण्डल द्वारा उपनियमानुसार सदस्यों को उनकी अंश राशि पर घोषित 10 प्रतिशत लाभांश (वर्ष 2024-25) का अनुमोदन।
10. उपनियमों में संशोधन का अनुमोदन/प्रस्तुतीकरण।
11. तारानगर शाखा हेतु भूमि क्रय की अनुमति।
12. आगामी बैंक चुनावों हेतु वार्डो का गठन।
13. अन्य मुद्दे, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

आवश्यक टिप्पणीः-

1. निर्धारित समय के एक घंटे तक गणपूर्ति नहीं होने के कारण अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से स्थगित आम सभा अपराह्न 12 बजे मित्तल सामुदायिक भवन में आरम्भ होगी। एजेण्डा अपरिवर्तित रहेगा।
2. यदि कोई सदस्य उपरोक्त वर्णित विषयों के अतिरिक्त कोई विशेष आम सभा में विचारार्थ रखना चाहे तो ततसम्बन्धी प्रस्ताव बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को आम सभा से 3 दिन पूर्व लिखित में देवें।
3. वार्षिक प्रतिवेदन पुस्तिका बैंक के प्रधान कार्यालय से 3 दिन पहले प्राप्त कर सकते है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी **अध्यक्ष**